State Environment Impact Assessment Authority, M.P.
(Government of India, Ministry of Environment, Forest & Climate Change)

Environmental Planning Coordination Organization
Paryavaran Parisar, E-5. Arera Colony
Bhopal-4620 16
visit us http://www.mpseiaa.nic.in
Tel:0755-2466970, 2466859
Fax : 0755-2462136

No: 676 /SEIAA/2022
Date: 6/6/22

To,
Member Secretary, SEAC
Research and Development Wing,
M.P. Pollution Control Board
Paryavaran Parisar, E-5 Arera Colony,
Bhopal-M.P.- 4620 16

Sub:- Case No 9039/2022 : Prior Environment Clearance for Development of Commercial Warehouse at Village - Pirkaradiya, Tehsil - Sawer, Dist. Indore, (MP)Total plot area 1,30,780.00 sq.m Proposed built-up area 56,156.00 sqm.by M/s Life Care Logistic Pvt. Ltd, 37 - 38,Lasudia Mori, Dewas Naka, A.B. Road, Dist. Indore, MP.

The case was discussed in 728th SEIAA meeting dtd. 27.05.22 and recorded that:-

"राज्य स्तरीय विशेषज्ञ एवं मूल्यांकन समिति की बैठक 572 वीं दिनांक 19 मई 2022 की कार्यवाही विवरण में पेज नंबर 22 से 36 पर अंकित है, प्रकरण में पूर्व पर्यावरण स्वीकृति अनुशंसित की गयी है। उक्त अनुशंसा के आधार पर प्रकरण को राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण की बैठक में विचारार्थ रखा गया। प्रकरण में निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई :–

1. *परियोजना अंतर्गत तीन गोदाम का निर्माण किया जाना है जिनका निर्मित क्षेत्रफल क्रमशः 20,520, 19,836 एवं 15,800 वर्ग मीटर प्रस्तावित है। परियोजना प्रस्तावक ने सूचित किया है की फरवरी २२ तक, एक पूर्णतः बन गया है, दूसरा आधा बनाया जा चुका है एवं तीसरा अभी बनाना शेष है।*
2. *परियोजना प्रस्तावक एवं सलाहकार की ई आई ए प्रतिवेदन में कार्य की भौतिक प्रगति 55 प्रतिशत बताई गई है। यह भी बताया गया है की इस परियोजना की लागत रुपये 126 करोड़ है, अब तक इसके निर्माण में रुपये 9.95 करोड़ का खर्च कर लिया गया है /*
3. *प्राधिकरण ने इस प्रकरण के अंतर्गत कार्य स्थल की गूगल इमेज का अवलोकन करते हुए यह पाया कि पहला एवं दूसरा गोदाम पूर्णतः बना दिख रहा है इसकी छत जो कि जी आई सीट की है पूर्ण निर्मित दिख रही है। इस प्रकार पहला एवं दूसरा गोदाम पूर्ण निर्मित हो चुके हैं, जो कि लगभग 40,356 वर्ग मीटर के निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस प्रकार प्रस्तावित निर्मित क्षेत्रफल के विरुद्ध लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण होना प्रतीत होता है।*
4. *बिंदु क्रं. 2 के अनुसार इस निर्माण कार्य में अभी तक रुपये 9.95 करोड़ का खर्च कर लिया गया है, इस प्रकार कुल लागत के विरुद्ध केवल 7.9 प्रतिशत का व्यय ही बताया गया है।*
5. *इस प्रकार भौतिक प्रगति 70 प्रतिशत के विरुद्ध वित्तीय प्रगति मात्र 7.9 प्रतिशत परस्पर विरोधाभासी हैं।*
6. *राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, ने परियोजना प्रस्तावक के प्रस्तावानुसार अपनी सहमति दे दी है। यह चिंताजनक है इस विषय में समिति को संज्ञान लेना चाहिए था इस प्रकार की त्रुटि से जहां पर्यावरण उल्लंघन के प्रकरणों में अर्थदंड प्रभावित होगा*

State Environment Impact Assessment Authority, M.P.
(Government of India, Ministry of Environment, Forest & Climate Change)

Environmental Planning Coordination Organization
Paryavaran Parisar, E-5. Arera Colony
Bhopal-4620 16
visit us http://www.mpseiaa.nic.in
Tel:0755-2466970, 2466859
Fax : 0755-2462136

No: /SEIAA/2022
Date:

वहीं मानक प्रचलन प्रक्रिया जिसे माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर जारी किया गया है के मूल उद्देश्यों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अतः समिति इस प्रकार के प्रकरणों में पूर्ण सावधानी रखते हुए विवेचना करे।

7. *इसी प्रकार "मानक संचालन प्रक्रिया" के तहत पर्यावरण नुकसान आकलन (डैमेज असिसमेन्ट) का भी ई आई ए में गंभीरता पूर्ण अध्ययन नहीं किया गया है इसका विस्तृत अध्ययन कर उपचारात्मक योजना (REMEDIATION PLAN) प्रस्तावित की जाना चाहिए, ताकि पूर्व में किये गए निर्माण से, पर्यावरण उल्लंघन से हुए नुकसान की भर पाई की जा सके। ."*

उपरोक्त तथ्यों के प्रकाश में प्राधिकरण द्वारा यह निर्णय लिया जाता है कि प्रकरण को पुनः विचार किये जाने हेतु राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति को प्रेषित किया जाये। परियोजना प्रस्तावक को सूचित किया जाये।

उपरोक्तानुसार प्रकरण आपकी ओर प्रेषित किया जाता है कृपया निर्णय के अनुसार प्रकरण का पुनर्मूल्यांकन करें।

(श्रीमन शुक्ला)
सदस्य साचिव

Endt No. 647 / SEIAA/2022 Dated:- 6/6/22
Copy to:-
M/s Life Care Logistic Pvt. Ltd, 37 - 38,Lasudia Mori, Dewas Naka, A.B. Road, Dist. Indore,MP.

सदस्य साचिव

- **Registration No.:** 9039/2022